RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 21 जुलाई 2025 | वर्ष 07 | अंक 93 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक


**मुंबई : अंधेरी पश्चिम में मैंग्रोव हत्या के खिलाफ तत्काल कार्रवाई...**




# महाराष्ट्र में हर दिन 8 किसान कर रहे सुसाइड

## कृषि मंत्री खेल रहे रमी, रोहित पवार ने साझा किया विधानसभा का वीडियो





**मुंबई:** महाराष्ट्र में महायुति सरकार के दूसरे कार्यकाल में कृषि राज्य मंत्री का दायित्व संभाल रहे माणिकराव कोकाटे एक बार फिर विवाद में घिर गए हैं। शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के विधायक रोहित पवार ने एक वीडियो साझा किया है। पवार ने आरोप लगाया है कि इसमें माणिक राव कोकाटे मोबाइल पर रमी खेलने में व्यस्त थे। रोहित पवार ने कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे की कड़ी आलोचना की है कि वे विधानसभा में बैठकर रमी खेल रहे हैं क्योंकि उनके पास कोई काम नहीं बचा है। रोहित पवार के इस वीडियो पर महाराष्ट्र में राजनीति गरमा गई है। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने भी निशाना साधा है। महाराष्ट्र विधानमंडल का मानसून सत्र दो दिन पहले ही खत्म हुआ है। यह वीडियो मानसून सत्र का ही है।

**रोहित पवार का कड़ा हमला**

रोहित पवार ने माणिकराव कोकाटे पर कहा कि आओ, महाराज, जंगली रमी खेलो! महाराष्ट्र में हर दिन 8 किसान आत्महत्या कर रहे हैं और कृषि मंत्री रमी खेलने में व्यस्त हैं। पवार ने अजित पवार को लपेटा है और कहा है कि सत्ता में बैठा राष्ट्रवादी दल बीजेपी से पूछे बिना कुछ नहीं कर सकता। इसीलिए कृषि संबंधी अनगिनत लंबित मुद्दों के बावजूद, जब राज्य में हर रोज आठ किसान आत्महत्या कर रहे हैं, तब भी कोई काम नहीं है, इसलिए कृषि मंत्री पर रमी खेलने का समय आ गया है। पवार ने आगे कहा है कि महाराज कृषि पर कब आएंगे? क्या ये मंत्री और सरकार, जो अपनी राह से भटक गए हैं।

# गृहमंत्री शाह ने 7 मंत्रियों को हटाने का दिया आदेश

## राऊत के दावे से मचा हड़कंप

**मुंबई:** मंत्रियों एवं विधायकों के विवाद के कारण मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली महायुति सरकार की बार-बार किरकिरी हो रही है। पहले धनंजय मुंडे, कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे, मंत्री संजय शिरसाट, विधायक संजय गायकवाड, विधायक गोपीचंद पडलकर आदि के कारण विपक्ष को बार बार सरकार पर निशाना साधने का मौका मिल रहा है। इस पर शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) पार्टी के सांसद संजय राऊत ने बड़ा दावा किया है।

संजय राऊत ने रविवार (20 जुलाई) को कहा कि बवाली मंत्रियों के कारण सरकार की हो रही किरकिरी को रोकने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महायुति के 7 से 8 मंत्रियों को हटाने का आदेश दिया है। विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान मंत्री कोकाटे





विधानसभा में मोबाइल पर रमी (ताश) खेलते नजर आए। इसकी वीडियो शरद पवार की राकां के विधायक रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। संजय राऊत ने कहा है कि कोकाटे का मंत्री पद जाना तय है। उन्होंने आगे कहा कि अमित शाह ने मुख्यमंत्री को राज्य के छह से सात लोगों को मंत्री पद से हटाने का निर्देश दिया है। दूसरी ओर कोकटे का वीडियो वायरल होने के बाद विपक्ष सरकार पर हमलावर हो गया है।

**फडणवीस इन मंत्रियों को जल्द घर भेजें**

मनसे नेता यशवंत किल्लेदार का कहना है कि कृषि मंत्री महाराष्ट्र में जुए की फसल बोने में व्यस्त हैं। महाराष्ट्र की युवा पीढ़ी और पीड़ित राजा इसके परिणाम भुगत रहे हैं।

## मीरा रोड : पायलट पर एयर होस्टेस से दुष्कर्म का आरोप



**मुंबई:** मीरा रोड इलाके से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. एक 23 वर्षीय एक एयर होस्टेस ने अपने ही सहकर्मी पायलट पर बलात्कार का आरोप लगाया है. आरोपी पायलट का नाम देवाशीष शर्मा बताया गया है, जो फरार बताया जा रहा है. पुलिस इसकी तलाश कर रही है. जानकारी के अनुसार, दोनों मीरा रोड इलाके में ही रहते हैं और कुछ दिन पहले पीड़िता ने लंदन जाने वाली फ्लाइट में आरोपी के साथ यात्रा की थी. फ्लाइट से लौटने के बाद आरोपी पायलट ने पीड़िता से कहा कि वह पहले उसके घर पर रुक जाए और फिर बाद में अपने घर लौटे. पीड़िता का आरोप है कि जब वह पायलट के घर पहुंची, तो वहां कोई और मौजूद नहीं था. इस मौके का फायदा उठाकर आरोपी पायलट ने अपने घर में ही उसके साथ जबरदस्ती की. पीड़िता की शिकायत पर नवघर पुलिस स्टेशन में देवाशीष शर्मा के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज होते ही आरोपी पायलट फरार हो गया है और उसकी तलाश की जा रही है.

## ठाणे : ड्रग्स मामले में आरोपी की रिहाई

### स्वागत में जश्न, 45 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई:** ठाणे : महाराष्ट्र के ठाणे जिले में ड्रग्स मामले में एक आरोपी की रिहाई के स्वागत में आयोजित एक सार्वजनिक जश्न का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसके बाद पुलिस ने गैरकानूनी जमावड़े का मामला दर्ज किया।



एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। मीरा-भयंदर वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस ने शनिवार को 45 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 189 (गैरकानूनी जमावड़ा) और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया।

उन्होंने बताया कि नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेज (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किए गए ड्रग तस्कर कामरान मोहम्मद खान को हाल ही में जमानत पर रिहा किया गया है। अधिकारी ने बताया कि उसकी रिहाई का स्वागत करने के लिए, कामरान के पूर्व जेल सहयोगी और 35 अन्य लोग 16 जुलाई की रात को ठाणे सेंट्रल जेल के पास इकट्ठा हुए और वहां से वे कारों के काफिले में मीरा रोड के नयानगर पहुंचे, जहाँ वे एक होटल के पास इकट्ठा हुए और पटाखे फोड़े और नारे लगाए।

## पालघर : कानून-व्यवस्था बनाए रखने में बड़ी चुनौती

### पुलिस पाटिलों के 500 से ज्यादा पद रिक्त

**पालघर :** ग्राम स्तर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जहाँ पुलिस पाटिलों के 500 से ज्यादा पद रिक्त पड़े हैं। समुदाय और पुलिस प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करने वाले ये महत्वपूर्ण पद, ज़िले के पाँच उप-विभागीय कार्यालयों में रिक्त हैं, जिससे गाँव असुरक्षित हैं। पालघर, दहानू, जौहर, वाडा और वसई उप-विभागीय कार्यालयों में कुल 858 स्वीकृत पुलिस पाटिल पदों में से, वर्तमान में केवल 294 ही भरे हुए हैं। विभिन्न कारणों से 564 पद रिक्त हैं। इनमें से कई रिक्तियाँ पेसा (पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम के प्रावधान) क्षेत्रों में हैं, जो मुख्यतः आदिवासी बहुल हैं।




पालघर तालुका में 95 पद रिक्त हैं, जिनमें से 48 अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में और 47 गैर-अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में हैं। दहानु तालुका विशेष रूप से प्रभावित है, जहाँ 100% अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में 189 में से 162 पद रिक्त हैं, 50% अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में 16 में से 14 पद रिक्त हैं, और 25% अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में 16 में से 15 पद रिक्त हैं। इस प्रकार दहानु में स्वीकृत 221 पदों में से 191 पद रिक्त हैं, जो चिंताजनक है।

# संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## बचकानी राजनीति...

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में रुचि रखने वाला हर व्यक्ति संभवतः यह अच्छे से समझ गया होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप विचित्र दावे करते रहते हैं। वे कई बार निराधार टिप्पणियां करते हैं और फिर उनसे पीछे भी हट जाते हैं, लेकिन शायद भारत के विपक्षी दलों और विशेष रूप से कांग्रेस को ट्रंप पर कुछ ज्यादा ही भरोसा है।

ट्रंप ने यह दावा किया कि पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में भारत की सेना के आपरेशन सिंदूर के चलते भारत-पाकिस्तान में हुए टकराव के दौरान पांच लड़ाकू विमान मार गिराए गए। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि ये विमान किस देश के थे, लेकिन कांग्रेस के नेता तत्काल इस नतीजे पर पहुंच गए कि ये लड़ाकू विमान भारत के रहे होंगे। उन्होंने ट्रंप के इस बेकार के दावे की सच्चाई जानने की जरूरत जता दी। यह जरूरत कांग्रेस के किसी प्रवक्ता ने नहीं, बल्कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने जताई। ऐसा लगता है कि उन्हें न तो भारत की सरकार पर भरोसा है और न ही भारतीय सेना पर। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस आपरेशन सिंदूर के मामले में उन अधकचरे एवं भारत विरोधी दावों को तूल दे रही है जो पाकिस्तान और चीन के नेताओं ने किए और यदाकदा अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी।

सब जानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति का यह दावा खोखला है कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम करवाया और दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध की आशंका को टाला। उनके इस दावे पर कोई यकीन नहीं कर रहा है। खुद भारतीय प्रधानमंत्री उनसे फोन पर दो टूक यह कह चुके हैं कि कथित संघर्ष विराम में अमेरिका की वैसी कोई भूमिका बिल्कुल भी नहीं थी जिसका दावा किया जा रहा है। भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से यह भी कहा था कि कश्मीर पर भारत की जो नीति है, वह यथावत है और उसमें कोई बदलाव होने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता, लेकिन कांग्रेस यह समझने को तैयार नहीं। कांग्रेस और विपक्षी दलों के नेता इससे अच्छी तरह परिचित हैं कि कश्मीर, आपरेशन सिंदूर एवं अन्य अनेक मामलों में उनके बयानों का पाकिस्तान, चीन एवं अन्य भारत विरोधी ताकतों ने इस्तेमाल किया है और अपने पक्ष में भुनाया भी है, लेकिन उन्हें इसकी कोई परवाह नहीं।

सबसे दुर्भाग्य की बात यह है कि जो कांग्रेस लंबे समय तक केंद्र की सत्ता में रही और विदेश नीति की बारीकियों से परिचित है, वह बचकाना व्यवहार कर रही है। ऐसा तो कई क्षेत्रीय दल भी नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस एवं कुछ अन्य दलों के नेता इस इंतजार में बैठे दिखते हैं कि पाकिस्तान, चीन, अमेरिका अथवा किसी अन्य देश से कब भारतीय हितों के प्रतिकूल बयान आए और वे सरकार को घेरें। यह वह रवैया है जो इन नेताओं की विश्वसनीयता पर चोट भी कर रहा है।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : अंधेरी पश्चिम में मैंग्रोव हत्या के खिलाफ तत्काल कार्रवाई...

## पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने किया जगह का प्रत्यक्ष निरीक्षण अवैध भराव करने वालों के खिलाफ होगा मामला दर्ज



**मुंबई :** अंधेरी पश्चिम स्थित लोखंडवाला बैंक रोड इलाके में मैंग्रोव वन को काटने के मामले को गंभीरता से लेते हुए पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री पंकजा मुंडे ने घटनास्थल का दौरा किया और अवैध रूप से भराव करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करने और संबंधित स्थान से भराव हटाकर मूल मैंग्रोव को पुनर्स्थापित करने के भी आदेश दिए। विधान परिषद सदस्य अनिल परब की तरफ से पेश लक्ष्यभेदी सूचना पर दिए गए आश्वासन को पूरा करते हुए पंकजा मुंडे ने अधिवेशन समापन के अगले दिन घटनास्थल का दौरा किया। इस मौके पर उनके साथ विधायक अनिल परब, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव जयश्री भोज, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल (एमपीसीबी) के सदस्य सचिव अविनाश ढाकणे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बफर जोन में बिना किसी अनुमति के बड़ी मात्रा में भराव किया गया था। पंकजा मुंडे ने कहा कि यह नियमों का उल्लंघन है। यह स्थान कुछ वर्ष पहले गैर-विकास क्षेत्र में था। यह विकास क्षेत्र कैसे बन गया? मुंडे ने सीधे तौर पर पूछा और विभाग को आदेश दिया कि वह उन कारणों की विस्तृत जांच करे कि भूमि गैर-विकास क्षेत्र में क्यों है। उन्होंने अवैध भराई के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों के खिलाफ तुरंत मुकदमे दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने भराई हटाकर संबंधित जगहों पर मूल मैंग्रोव वन को फिर से स्थापित करने के भी आदेश दिए। मैंग्रोव वनों को काटकर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायतों को देखते हुए पर्यावरण मंत्री ने अधिकारियों को ऐसे सभी मामलों को एकत्रित करके तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की चीजें रुकनी चाहिए और पर्यावरण की रक्षा के लिए एजेंसियों को तेजी से काम करना चाहिए।

# एप-आधारित कैब चालकों ने तीन दिनों के लिए हड़ताल रोकी




**मुंबई :** महाराष्ट्र गिग कामगार मंच ने बताया कि मुंबई और महाराष्ट्र के दूसरे शहरों में चल रही एप-आधारित टैक्सी चालकों की हड़ताल तीन दिनों के लिए रोक दी गई है। संघ के अध्यक्ष केशव नाना क्षीरसागर ने बताया कि बुधवार को शुरू हुई हड़ताल को अब अगले मंगलवार तक के लिए स्थगित किया गया है, ताकि सरकार को उनकी मांगों पर सोचने का समय मिल सके। उन्होंने कहा, 'हमने हड़ताल सिर्फ रोकी है, खत्म नहीं की। अगर मंगलवार तक हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो हम फिर से हड़ताल शुरू करेंगे।' क्षीरसागर ने बताया कि सरकार के परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बैठक में उनसे मंगलवार तक का समय मांगा है।

# मनपा ने दक्षिण मुंबई के दो पार्किंग स्थलों के लिए निकाला टेंडर...

## अवैध वसूली को लेकर बंद कर दिया था पार्किंग...



**मुंबई :** दक्षिण मुंबई के ए वॉर्ड में आने वाले कोलाबा, फोर्ट, नरीमन प्वाइंट और कफ परेड परिसर में 10 पे एंड पार्किंग को जनता के लिए फ्री कर दिया था। मनपा ने अब नागिन दास मास्टर लेन और ऐश लेन की पार्किंग ज्यादा दिनों तक वाहन चालकों के लिए फ्री नहीं रखेगी। मनपा ने दोनों पार्किंग के संचालन के लिए निविदा जारी किया है। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि इसके लिए 22.22 लाख रुपए का टेंडर जारी किया है। बता दें कि मई महीने से कोलाबा परिसर में ठेका खत्म होने पर लोगों के लिए पार्किंग मुफ्त कर दिया था। इसके बावजूद पुराने ठेकेदार द्वारा वाहन चालकों से मनमानी तरीके से पार्किंग शुल्क वसूल रहे थे। स्थानीय नेताओं एवं नागरिकों की शिकायत के बाद मनपा ने मई महीने से सभी 10 पार्किंग को पब्लिक के लिए फ्री कर दिया था। मनपा प्रशासन ने तब कहा था कि यह पार्किंग तब तक के लिए फ्री है जब तक नया ठेकेदार नहीं नियुक्त हो जाता है। मनपा अधिकारियों ने बताया कि जिन पार्किंग स्थलों को फ्री किया हैं उसमें हॉर्निमन सर्कल, जमनालाल बजाज मार्ग, दोराबजी टाटा रोड, इरोस सिनेमा के सामने ट्रैफिक आइलैंड, वालचंद हिराचंद मार्ग, रामजीभाई कमानी मार्ग (पश्चिम की ओर), करीम भोय मार्ग, बदरुद्दीन तैयबजी मार्ग, मुदराना शेट्टी लेन, तामरिंद लेन, वी.एन. रोड, होमजी स्ट्रीट और नागिन दास मास्टर लेन पार्किंग शामिल है।

# वसई-विरार और मीरा-भाईंदर क्षेत्र में बढ़ती हिंसा से दहशत छह महीनों में 21 हत्याएं और 33 जानलेवा हमले...




**नालासोपारा :** वसई-विरार और मीरा-भाईंदर क्षेत्र में हिंसा की घटनाओं में चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है। जनवरी से जून तक के छह महीनों में पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में 21 हत्या के मामले सामने आए हैं, जबकि 33 लोगों पर जानलेवा हमले हुए, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। हत्या और हत्या के प्रयासों की ये घटनाएं चौंकाने वाली इसीलिए हैं क्योंकि इनमें ज्यादातर मामले नशे, गुस्से, प्रेम संबंध, पैसों के लेनदेन या पुरानी दुश्मनी जैसे कारणों से जुड़ी हैं। पुलिस आंकड़ों के मुताबिक जनवरी और फरवरी में 3-3, मार्च में सबसे ज्यादा 7, अप्रैल और जून में 4-4 हत्याएं दर्ज हुईं, जबकि की बात करें मई में कोई हत्या नहीं हुई। गंभीर अपराधों तो हर महीने औसतन 5 से 7 ऐसे मामले सामने आए जिनमें चाकू से हमला, अपहरण या बलात्कार जैसे अपराध शामिल हैं। पुलिस ने सभी हत्या के मामलों को सुलझा लिया है, लेकिन अपराध की वजहों पर गौर करें तो तस्वीर और भी खतरनाक नजर आती है। इन घटनाओं में कई बार वजह इतनी मामूली होती है कि विश्वास करना मुश्किल हो जाता है। दोस्तों के बीच बहस, शराब पार्टी में झगड़ा, वाहन टकरा जाने पर गुस्सा या फिर सिर्फ घूरकर देखने जैसी बातों पर जानलेवा हमले हो रहे हैं। कई मामलों में आरोपी और पीड़ित पहले एक-दूसरे के दोस्त रहे हैं। एक केस में तो बर्थडे पार्टी के दौरान नशे में हुए झगड़े के बाद युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना पापडी इलाके की है, जहां लोहिया नगर में रहने वाले आकाश पवार की उसके दोस्त मनीष पांडे ने चाकू मारकर हत्या कर दी।

# पुणे में अवैध रूप से रह रहीं पांच बांग्लादेशी महिलाएं पकड़ीं...



**पुणे :** पेठ इलाके से बुधवार को पांच बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, इन पर बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रहने का आरोप है। फरासखाना पुलिस स्टेशन के एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी महिलाएं बिना दस्तावेजों के उस इलाके में रह रही हैं। इसके बाद पुलिस ने छापा मारा और पांच महिलाओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन महिलाओं ने कबूल किया है कि उनके पास भारत में रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें जबरदस्ती देह व्यापार में धकेला गया था।

# भिवंडी में नकली उत्पादों के बढ़ते कारोबार...
## अमूल बटर के नाम पर जहर परोसने का पर्दाफाश...

**भिवंडी :** भिवंडी में नकली उत्पादों के बढ़ते कारोबार ने एक बार फिर शहर को कटघरे में खड़ा कर दिया है। इस बार मामला खाद्य सुरक्षा से जुड़ा है, अमूल जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड के नाम पर नकली बटर बनाकर खुलेआम बेचा जा रहा था। खाद्य व औषध प्रशासन और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इस घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। शांतिनगर पुलिस थाना क्षेत्र के भुसावल कंपाउड इलाके के एक गोदाम पर मारे गए छापे में बड़ी मात्रा में नकली अमूल बटर, रैपर, पैकिंग मशीनें और संदिग्ध केमिकल जब्त






किए गए हैं। पहली नजर में यह बटर देखने में असली जैसा प्रतीत होता है, लेकिन इसकी बनावट और गंध से ही इसकी मिलावटी प्रकृति सामने आ गई। अधिकारियों ने बताया कि यह बटर न सिर्फ मानकों के खिलाफ है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक भी साबित हो सकता था। अधिकारियों के अनुसार, यह गिरोह अमूल के नाम पर नकली बटर तैयार कर रहा था और उसे स्थानीय बाजारों, होटल और रिटेल दुकानों में खपाया जा रहा था। इस नकली बटर में इस्तेमाल किए जा रहे रसायनों की जांच के लिए सैंपल लैब भेज दिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में इसमें खाद्य के अयोग्य तत्व पाए जाने की आशंका जताई जा रही है। इस पूरे मामले में जिशान मुस्ताक मोहम्मद अंसारी (29) और मोहम्मद मुद्दीस अकरम अंसारी शेख (23) के खिलाफ शांतिनगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और अन्य लोगों की तलाश जारी है जो इस नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। जांच अधिकारियों का मानना है कि यह सिर्फ एक गोदाम नहीं, बल्कि नकली खाद्य उत्पादों की एक सुनियोजित सप्लाई चेन का हिस्सा हो सकता है।

# पनवेल रेलवे स्टेशन पर नशीले पदार्थ के साथ एक महिला गिरफ्तार

**पनवेल :** पनवेल रेलवे स्टेशन पर नाइजीरिया की एक महिला को 36 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया है। अधि-कारियों ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पनवेल, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और अपराध खुफिया शाखा (सीआईबी), मुंबई के एक संयुक्त अभियान में इस महिला को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष सूचना पर तीन जांच एजेंसियों ने इस महिला को गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष दल का गठन किया। महिला को पनवेल रेलवे स्टेशन



पर एक हैंडबैग में छिपाकर रखे गये नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। महिला की गिरफ्तारी के बाद उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# बांद्रा रेलवे स्टेशन पर अनोखे "रेल कोच रेस्टोरेंट" का उद्घाटन

**मुंबई :** पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल डिवीजन ने शनिवार को बांद्रा रेलवे स्टेशन पर एक अनोखे ''रेल कोच रेस्टोरेंट'' का उद्घाटन किया। इस अभिनव सुविधा का आधिकारिक उद्घाटन भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले और महाराष्ट्र सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार ने किया। यह उद्घाटन समारोह मुंबई के सबसे व्यस्त उपनगरीय केंद्रों में से एक में



सांस्कृतिक जीवंतता और बुनियादी ढाँचे के नवाचार का जश्न मनाते हुए चल रहे बांद्रा स्टेशन महोत्सव के एक प्रमुख आकर्षण के रूप में आयोजित किया गया था। रेल कोच रेस्टोरेंट एक पुनर्निर्मित, सेवामुक्त रेलवे कोच है जिसे एक वातानुकूलित, अत्याधुनिक भोजनालय में परिवर्तित किया गया है। चौबीसों घंटे खुला रहने वाला यह रेस्टोरेंट शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह की पसंद के विविध मेनू का वादा करता है, जो दैनिक यात्रियों, पर्यटकों और पाककला के शौकीनों, सभी के स्वाद को भाता है। बांद्रा की रेलवे विरासत को एक स्वादिष्ट मोड़! बांद्रा रेलवे स्टेशन पर अभिनव रेल कोच रेस्तरां का उद्घाटन करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है - यह पश्चिम रेलवे द्वारा सेवानिवृत्त डिब्बों को रचनात्मक रूप से जीवंत भोजन स्थलों में बदलने की एक नई पहल है।

# कल्याण में नशे का जाल... 22 लाख की एमडी और गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

**कल्याण :** ठाणे पुलिस कमिश्नरेट के कल्याण जोन 3 में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक बड़ी और निर्णायक कार्रवाई की गई। विशेष कार्रवाई पथक और संबंधित पुलिस थानों की संयुक्त टीम ने दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित ड्रग्स जब्त किए हैं। यह कार्रवाई एक ओर जहां पुलिस की सतर्कता को दर्शाती है, वहीं कल्याण क्षेत्र में फैल रहे नशे के जाल पर गंभीर चिंता भी जताती है। बता दें कि 18



जुलाई की शाम फोर्टिस हॉस्पिटल के पास एपीएमसी मार्केट की सड़क पर गश्त कर रही टीम को दो युवक संदिग्ध अवस्था में मिले। तलाशी में उनके पास से 110 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद हुआ, जिसकी बाजार कीमत करीब 22 लाख बताई गई है। आरोपी मोहम्मद कैफ मंसूर शेख और फरदीन आसिफ शेख के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8 (ए), 22(ए), 29 के तहत बाजारपेठ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य कार्रवाई में 17 जुलाई को खड़कपाड़ा क्षेत्र में योगीधाम रोड पर साईं दर्शन ढाबे के पास रवि शिवाजी गवली नामक आरोपी से 1120 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत 25,000 आंकी गई है। खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8 (ए), 20 (बी) के तहत मामला दर्ज है।

# मुंबई : किडनी के सौदे के नाम पर ठगे 2.95 लाख रुपए




**मुंबई :** सायबर फ्रॉड करने वालों ने किडनी के सौदे के नाम पर मुंबई के एक शख्स को 2.95 लाख रुपये का चूना लगा दिया। महाराष्ट्र के एक निजी फर्म में कार्यरत मुंबई निवासी को किडनी बेचने के लिए एक करोड़ रुपए की पेशकश की गयी और फिर उससे सर्जरी की प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर 2.95 लाख रुपये ठग लिये गये। जानकारी के अनुसार मुंबई निवासी प्रशांत नागवेकर आर्थिक मदद के लिए अपनी किडनी बेचने की फिराक में था। बढ़ते कर्ज के कारण उसे गुजारा करना मुश्किल हो रहा था। इसी चक्कर में उसने ऑनलाइन जानकारी तलाशनी शुरू की तो उसे नई दिल्ली के एक स'द्री अस्पताल के बारे में जानकारी मिली कि वहां ''किडनी का सौदा होता है।''

# मुंबई : मंत्री नितेश राणे को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग

**मुंबई :** कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि नितेश राणे बार-बार ऐसे बयान दे रहे हैं जो हिंदू-मुस्लिम समुदायों के बीच नफरत और विभाजन पैदा करते हैं। वर्षा गायकवाड़ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नितेश राणे ने हाल ही में कहा कि मदरसे आतंकवाद की फैक्ट्री हैं। यह बयान न केवल संविधान की भावना के खिलाफ है बल्कि समाज में नफरत फैलाने वाला है।



**'सीएम गंभीरता से लें, चुप्पी को सहमति माना जाएगा'**

उन्होंने कहा, 'एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को ऐसे भड़काऊ और सांप्रदायिक बयान नहीं देने चाहिए। इससे लोकतंत्र और संविधान का अपमान होता है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इसे गंभीरता से लेना चाहिए और तुरंत नितेश राणे को मंत्रिमंडल से हटाना चाहिए।' वर्षा गायकवाड़ ने यह भी आरोप लगाया कि राणे बार-बार एक विशेष समुदाय को निशाना बना रहे हैं और उनके शब्दों पर कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि 'अगर मुख्यमंत्री ऐसे बयानों को नजरअंदाज करते रहेंगे, तो इसे उनकी चुप सहमति माना जाएगा।'

**हिंदी भाषा विवाद पर कांग्रेस का रुख**

वर्षा गायकवाड़ ने राज्य सरकार की तरफ से प्राथमिक शिक्षा में हिंदी थोपने की कोशिशों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस मुद्दे को जानबूझकर राजनीतिक रंग दे रहे हैं। 'कांग्रेस किसी भाषा के खिलाफ नहीं है। हम मराठी भाषा पर गर्व करते हैं और मानते हैं कि शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए। सरकार ने पहले दो आदेश जारी किए थे, लेकिन जनता के विरोध के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा। अब इस मुद्दे को फिर से उठाने की कोई जरूरत नहीं है।' जब उनसे हिंदुत्व कार्यकर्ता संभाजी भिडे के बारे में पूछा गया, तो वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि उनकी सोच पूरी तरह आरएसएस और भाजपा की विचारधारा से मेल खाती है। उन्होंने आरोप लगाया, 'आरएसएस ने कभी संविधान और राष्ट्रीय ध्वज को नहीं अपनाया। आजादी के बाद 50 वर्षों तक उनके मुख्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया गया। यह मनुवादी सोच लोगों की असली समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए फैलाई जा रही है।'

# मुंबई में ओला, उबर से जुड़े ड्राइवरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल !

**मुंबई :** मुंबई में टैक्सी और बाइक पर ब्रेक लग गई है। ओला, उबर और रैपिडो से जुड़े हजारों ड्राइवरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इन ड्राइवरों ने 15 जुलाई को अपनी सर्विस बंद की थी। इस विरोध प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य उचित वेतन और बेहतर सुविधाओं की गारंटी सुनिश्चित करना है।




हवाई अड्डा क्षेत्र, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, अंधेरी और दक्षिण मुंबई सहित प्रमुख क्षेत्रों में ड्राइवर यह आंदोलन चल रहा है। उनका आरोप है कि एग्रीगेटर कमीशन और ईंधन खर्च को जोड़ने के बाद, उनकी वास्तविक आय कभी-कभी केवल 8 से 12 रुपए प्रति किलोमीटर रह जाती है। ड्राइवरों का कहना है कि ये कमाई टिकाऊ नहीं है, खासकर बढ़ते ईंधन और रखरखाव खर्च के साथ।

क्या है ड्राइवरों की मांग ?

प्रदर्शनकारी ड्राइवरों की मांग है कि ऐप-आधारित कैब का किराया काली-पीली टैक्सियों के बराबर किया जाए। इसके साथ ही बाइक टैक्सियों पर प्रतिबंध और एक मजबूत कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए। सरकार की तरफ से स्पष्ट नीति न बनाए जाने को लेकर भी ड्राइवरों में गुस्सा है। उनका कहना है कि तेल की कीमतें बढ़ने की वजह से उनकी बिल्कुल भी बचत नहीं हो पा रही है। ड्राइवरों ने प्लेटफॉर्म की ओर से दी जाने वाली छूटों पर भी चिंता जताई है, उनका कहना है कि इन छूटों का खर्च अक्सर उनकी कमाई से काट लिया जाता है। वे चाहते हैं कि प्लेटफॉर्म छूट का बोझ ड्राइवरों पर डालने के बजाय उसे वहन करे।

# भिवंडी में पांच महीने से फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**भिवंडी :** भिवंडी में पांच महीने पहले पुलिस दल पर किए गए हमले के मुख्य आरोपी उमेश गायकवाड़ समेत उसके आठ साथियों को नारपोली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। घटना 17 फरवरी की रात की है, जब वरालदेवी नगर में पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले की जांच के लिए पुलिस उपनिरीक्षक आकाश पवार, कांस्टेबल सुनील शिंदे और अब्दुल तड़वी एक पुलिस वाहन के साथ मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान आरोपी उमेश गायकवाड़ और उसके 25-30 साथियों ने पुलिस टीम पर गाली-गलौज, धक्का मुक्की और पथराव शुरू कर दिया। हमले में पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए और पुलिस वाहन का शीशा भी चकनाचूर कर दिया गया। पटना के बाद पुलिस ने उमेश गायकवाड़ समेत 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इनमें से आठ आरोपी फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर नारपोली पुलिस ने 17 जुलाई की शाम इन सभी को दबोच लिया।

# मुंबई: गणेशोत्सव में शामिल होगी सरकार... डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया जाएगा





**मुंबई:** कुछ दिनों पहले महाराष्ट्र सरकार ने गणेशोत्सव को राज्य महोत्सव का दर्जा दिया है। अब राज्य के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार ने विधानसभा में घोषणा की कि सरकार इस गणेशोत्सव में सीधे तौर पर शामिल होगी। वे इस महोत्सव को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाएंगे। उन्होंने गणेशोत्सव में होने वाले अलग-अलग कार्यक्रमों की रूपरेखा भी बताई। सरकार गणेश मंडलों को तालुका स्तर पर पुरस्कार देगी। वे घरेलू गणेशोत्सव और सार्वजनिक गणेशोत्सव के फोटो और वीडियो के लिए एक पोर्टल बनाएंगे।

गणेशोत्सव पर आधारित एक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया जाएगा। एक ड्रोन शो का आयोजन होगा। इस महोत्सव की जानकारी पूरे देश में फैलाई जाएगी। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष कार्यक्रम होंगे। भजन मंडल को साहित्य के लिए अनुदान दिया जाएगा।

मंत्री शेलार ने कहा कि गणेशोत्सव महाराष्ट्र की संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सैकड़ों सालों से चला आ रहा है। यह हमारी संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि इस उत्सव को पूरी दुनिया में पहचान मिले। वे चाहते हैं कि हमारी परंपरा आधुनिकता के साथ जुड़े। गणेशोत्सव एक महत्वपूर्ण मंच है। सरकार इसे और मजबूत करना चाहती है। वे चाहते हैं कि गणेशोत्सव से जुड़े सभी लोग एक साथ आएं। इससे पर्यटन बढ़ेगा। हमारी समृद्ध परंपराएं बनी रहेंगी। महाराष्ट्र को दुनिया के नक्शे पर एक खास जगह मिलेगी। इसलिए महाराष्ट्र सरकार ने गणेशोत्सव को राज्य महोत्सव के रूप में मनाने का फैसला किया है। शेलार ने घोषणा की कि इस साल गणेशोत्सव में महाराष्ट्र सरकार भी शामिल होगी। इसके लिए एक विशेष चिन्ह जारी किया जाएगा। पूरे राज्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# महाराष्ट्र : UBT विधायक अनिल परब अधूरे वकील हैं...

## रामदास कदम ने दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी !



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र विधान मंडल का मानसून सत्र शुक्रवार को खत्म हो गया। तीन सप्ताह तक चले इस सत्र के दौरान महायुति सरकार के मंत्री योगेश कदम, पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के विधायक अनिल परब के निशाने पर लगातार रहे। परब ने दो बार मंत्री कदम पर गंभीर आरोप लगाए। खासकर सत्र के आखिरी दिन कांदिवली के सायली बार को लेकर लगाए गए आरोपों के कारण उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के नेता रामदास कदम आक्रोशित हैं। उन्होंने परब को अधूरा वकील बताते हुए उनके कोर्ट में मानहानी का मुकदमा दायर करने की चेतावनी दी है।

**मंत्री योगेश कदम की मां एक डांस बार है**

विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन अनिल परब ने कहा कि गृह राज्य मंत्री योगेश कदम की मां के नाम पर कांदिवली में एक डांस बार है। और वहां के कर्मचारियों और बार बॉयस को गिरफ्तार किया गया है। इसी वजह से परब ने गृह राज्य मंत्री कदम के इस्तीफे की मांग की थी। लेकिन गृह राज्य मंत्री कदम ने शुक्रवार को सत्र समाप्त होते ही परब के आरोपों को खारिज कर दिया था। मंत्री कदम ने कहा था कि परब के सबूत झूठे हैं। हम इसे साबित कर देंगे। कदम ने यह भी चेतावनी दी थी कि वह सही समय पर उचित जवाब देंगे। योगेश कदम पर आरोप लगने के बाद उनके पिता रामदास कदम ने शनिवार को अनिल परब पर जोरदार हमला बोला।

# केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले का राज पर पलटवार,

## बोले- पटककर ही मारना है तो आतंकियों को मारो



**महाराष्ट्र :** केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने शनिवार को भाषा विवाद पर भाजपा नेता निशिकांत दुबे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे की ओर से की गई विवादित टिप्पणी को निंदनीय बताया। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी दोनों ही पक्षों की तरफ से नहीं होनी चाहिए। अगर किसी को समुद्र में पटक-पटक कर मारने का इतना ही शौक है, तो पाकिस्तान की सीमा पर जाओ और वहां आतंकवादियों को मारो। यहां हिंसा नहीं होनी चाहिए।

मंत्री रामदास आठवले ने कहा मैं समझता हूं कि भारतीय राजनीति में इस तरह की अशोभनीय टिप्पणी को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। महाराष्ट्र में शांति बनी रहनी चाहिए। हिंसा किसी भी मामले का समाधान नहीं हो सकती है। 'सामना' को दिए साक्षात्कार में उद्धव ठाकरे की ओर से चुनाव आयोग को 'पत्थर' बताए जाने की रामदास आठवले ने निंदा की और कहा कि यह ठीक नहीं है। अगर चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी के नाम को बदला, तो यह नियमों के अनुरूप किया गया था।

महाराष्ट्र मे जारी भाषा विवाद का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। इस मामले को लेकर कोर्ट में याचिका दाखिल की गई, जिसमें मांग की गई कि भाषा विवाद के नाम पर हिंसा करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस पर रामदास आठवले ने कहा कि निश्चित तौर पर ऐसे सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, जो भाषा विवाद के नाम पर कानून-व्यवस्था का मजाक बना रहे हैं और सरेआम हिंसात्मक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस बात को स्पष्ट कर चुके हैं कि महाराष्ट्र में किसी भी प्रकार की हिंसा स्वीकार नहीं की जाएगी। अगर कोई हिंसात्मक गतिविधियों में संलिप्त पाया गया, तो निश्चित तौर पर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

# भंडारा जिले में नवजात को 70 हजार में बेचा... 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज



**मुंबई :** भंडारा जिले में नवजात बच्चे को बेचने का मामला सामने आया है. भंडारा के साकोली में 15 दिन के बच्चे को 70 हजार रुपए में बेचा गया। इसमें अवैध रूप से दत्तक दिए जाने की बात सामने आई है। चाइल्ड प्रोटेक्शन अधिकारी की शिकायत के बाद 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह मामला 18 जून का बताया जा रहा है। चाइल्ड प्रोटेक्शन अधिकारी ने दत्तक प्रक्रिया को लेकर लोगों से नियमों का पालन करने की अपील की है। बच्चे को अब एक अनाथालय में देखभाल के लिए रखा गया है. डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन अधिकारी नितिन कुमार साठवाने ने जानकारी देते हुए बताया, ''जांच पूरी होने के बाद भंडारा जिले के साकोली तालुका के सात निवासियों के खिलाफ साकोली पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई।''

# वसई : वसई-विरार में अवैध निर्माणों पर चला मनपा का बुलडोजर...



**वसई :** वसई-विरार में अवैध निर्माणों के खिलाफ मनपा (महानगरपालिका) का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को चीचोटी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए मनपा के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने 46 प्लिंथ और दो गालों सहित कुल 11300 वर्ग फुट अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया। इस अभियान से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, चीचोटी के सर्वे नंबर 17 और 18 पर 36 प्लिंथ (8800 वर्ग फुट) को निष्कासित किया गया। इसके अलावा, सर्वे नंबर 55 पर एक गाला (300 वर्ग फुट) और सर्वे नंबर 71 पर एक गाला (200 वर्ग फुट) भी ध्वस्त किया गया। सर्वे नंबर 55 पर ही तीन प्लिंथ (600 वर्ग फुट), सर्वे नंबर 56 पर पांच प्लिंथ (1000 वर्ग फुट) और सर्वे नंबर 59 पर दो प्लिंथ (400 वर्ग फुट) को भी जेसीबी की मदद से ढहा दिया गया। मनपा अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध निर्माणों को रोकने और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए की जा रही है। भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और किसी भी अवैध निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा।

# रत्नागिरी में समुद्र तट पर एक ही परिवार के चार सदस्य डूबे

**रत्नागिरी :** महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के आरे-वारे समुद्र तट पर शनिवार शाम एक ही परिवार के चार सदस्य डूब गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना शाम करीब 6 बजे हुई। मृतकों की पहचान रत्नागिरी के ओसवाल नगर निवासी जुनैद बशीर काजी (36), उनकी पत्नी जैनब (28) और ठाणे जिले के मुंब्रा में रहने वाली उनकी रिश्तेदार उजमा शमशुद्दीन काजी (18) और उमेरा शमशुद्दीन शेख (20) के रूप में हुई है।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com
www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani